| Registration No: | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

A3 – 2024

Subject Code **03**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of Questions : 36] [Max. Marks : 80

**सूचनाएँ:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।
3. प्रश्न पत्रिका A, B, C, D चार भागों में विभाजित है।
4. भाग- A के प्रथम बार लिखे उत्तर ही मूल्यांकित होंगे।

## भाग – A

03

I. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए: (10 × 1 = 10)

1) सुजान की पत्नी का नाम -

i) भुलाकी ii) बुलाकी

iii) मालती iv) शिल्पा

2) कर्तव्य का आरंभ पहले यहाँ से शुरू होता है -

i) घर से ii) मंदिर से

iii) विद्यालय से iv) समाज से

3) मन्नू भंडारी द्वारा लिखित रचना है -

i) एक कविता यह भी ii) एक नाटक यह भी

iii) एक कहानी यह भी iv) एक एकांकी यह भी

4) मि. शामनाथ ने दावत रखी थी -

i) श्रीमती के लिए ii) माँ के लिए

iii) भाई के लिए iv) चीफ के लिए

5) 'दूमो आरिगातू' का अर्थ है -

i) ओके
ii) हाय
iii) थैंक यू वेरी मच
iv) इय

6) सूरदास के पद में वर्णन है -

i) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का।
ii) श्रीराम के रूप सौंदर्य का।
iii) हनुमान के रूप सौंदर्य का।
iv) राधा के रूप सौंदर्य का।

7) माँ और बेटी एक दूसरे के लिए हैं -

i) मोती
ii) चाँदी
iii) गहने
iv) हीरे

8) मनुष्य को रसने सींचा है -

i) दानवता
ii) मानवता
iii) समानता
iv) असमानता

9) दादाजी इनके हक में है -

i) पुराने वृक्ष के
ii) पुराने घर के
iii) पुराने फर्निचर के
iv) पुराने नौकरों के

10) 'किरातार्जुनीयम' महाकाव्य के रचनाकार -

i) महापंडित श्रीधर
ii) महाकवि भारवि
iii) उपेंद्रनाथ अश्क
iv) डॉ. रामकुमार वर्मा

(आ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए: (5 × 1 = 5)

11) (कमाई, उदासी, मीन-मेष, सेवा, प्रेम, घृणा)

i) चेहरे पर ____________ थी

ii) ____________ करने से चरित्र बनता है।

iii) धर्म के काम में ____________ निकालना अच्छा नहीं।

iv) अब इन व्यापारों से उसे ____________ होती थी।

v) तुम्हारे बेटों की तो ____________ है।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: (5 × 1 = 5)

| | |
|---|---|
| 12) i) कंचन बरसना | 1 हिम्मत बढ़ाना |
| ii) नाम जमाना | 2. बेइज्ज़ति करना |
| iii) ढाढ़स बाँधना | 3. बाधा डालना |
| iv) थू-थू करना | 4. क्रोधित होना |
| v) टाँग अड़ाना | 5. कीर्ति पाना |
| | 6. आमदनी बढ़ना |

## भाग – B

II. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (2 × 3 = 6)

13) घर में सुजान भगत का अनादर कैसे हुआ ?

14) पिताजी ने रसोई को 'भटियारखाना' क्यों कहा है ?

15) विश्वेश्वरय्या के गुण-स्वभाव का परिचय दीजिए।

16) शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे ?

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

17) " चरित्र का संकट चर्चा का विषय तो बना हुआ हैं। "

18) " जिधर देखो उधर कर्तव्य ही कर्तव्य देख पड़ते हैं। "

19) " चिंता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होंने दम तोड़ दिया। "

20) " यहाँ तो पूरा पत्ती-सम्प्रदाय है। "

III. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

21) 'बिहारी के अनुसार नदी, सरोवर, कुँआ महान है', कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

22) 'अधिकार' कविता में प्रयुक्त प्राकृतिक तत्वों के बारे में लिखिए।

23) कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है?

(आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए। **(2 × 4 = 8)**

24) रहिमन कठिन चितान ते, चिंता को चित चेत।
चिता दहति निर्जीव को, चिंता जीव समेत॥

**अथवा**

अब कैसे छूटै राम रट लगी।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी॥

25) यह बिहार की भूमि, जहाँ पितरों का तर्पण होता है।
जे-पी-के इंगित से दस्यु-आत्म-समर्पण होता है॥
विश्वगुरू कहलाने वाले, नालंदा-वैशाली हैं।
गौतम, महावीर ने अपनी परंपराएँ पाली हैं।

**अथवा**

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था-
वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात।
पुराने-चमड़े का बना उसका शरीर॥

## भाग – C

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 5 = 10)**

26) 'सूखी डाली' एकांकी के आधार पर बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

27) रजवा ने छोटी भाभी से क्या-क्या कहा?

28) 'प्रतिशोध' एकांकी के आधार पर सुशीला और भारती के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

29) महापंडित श्रीधर का चरित्र-चित्रण कीजिए।

## भाग – D

**V.** (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए।: **(3)**

30) उसने धीमे स्वर में बोली की राम और शाम खेलने लगा।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **(2)**

31) i) वह गद्‌गद् कंठ से कहता है। (भूतकाल में बदलिए)

ii) निमोनिया के कारण रोगी मर जाएगा। (वर्तमानकाल में बदलिए)

(इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **(2)**

32) i) बूढ़ा

ii) कवि

(ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: **(2)**

33) i) बड़ा भाई

ii) छात्रों के रहने का स्थान

VI. (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (5)

34) साक्षात्कार हिंदी साहित्य के गद्य विधा की नवीनतम उपलब्धि है। साक्षात्कार का प्रसार व्यावसायिक पत्रिकाओं में ही नहीं हुआ है, अपितु साहित्यिक विधाओं में भी साक्षात्कार का महत्व बढ़ रहा है। साक्षात्कार साहित्य की एक लोकप्रिय विधा के रूप में प्रस्तावित हुई है। समयाभाव में पाठक साक्षात्कार के माध्यम से ही व्यक्ति का विचार, तर्क और अनुभव जानना चाहता है। संवाद शैली के कारण साक्षात्कार की संप्रेषणीय संभावना अधिक होती है। इसका प्रारंभ भारतेंदु युग से माना जाता है। पाँचवें दशक में बेनीमाधव शर्मा द्वारा लिखित 'कवि दर्शन' प्रथम रचना है।

प्रश्न:

i) किसके कारण साक्षात्कार की संप्रेषणीय संभावना अधिक होती है ?

ii) गद्य विधा की नवीनतम उपलब्धि क्या है ?

iii) 'अनुभव' शब्द से उपसर्ग अलग कर लिखिए

iv) 'प्रस्तावित' शब्द से प्रत्यय अलग कर लिखिए।

v) 'कवि दर्शन' साक्षात्कार के लेखक कौन हैं ?

(आ) 35) संजय का भाई सेना में भर्ती होना चाहता है। लेकिन उसके पिताजी चाहते हैं कि नौकरी करते हुए वह अपने पास ही रहे। पिता और बेटे का संवाद प्रस्तुत है – (5)

बेटा: " पिताजी, मैं अपने देश की सेवा करना चाहता हूँ। इसलिए मुझे सेना में भर्ती होने की अनुमति दीजिए।"

पिता: " मैं मानता हूँ कि मेरे दो बेटे हैं, पर दोनों मेरी आँखों के समान प्यारे हैं। मैं किसी को भी दूर भेजना नहीं चाहता।"

बेटा: "हमें देश के लिए कुछ करना अपनी जिम्मेदारी है।"

कल्पना कीजिए कि आप संजय हैं। आपकी बड़ी बहन अमेरिका के न्यूयार्क शहर में रहती हैं। उपर्युक्त संवाद के आधार पर अपनी बड़ी बहन को एक पत्र लिखिए।

03

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: (5)

36) i) ನಾವು ಒಗ್ಗಟ್ಟಾಗಿ ಬಾಳಬೇಕು.

**We should live unitedly.**

ii) ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಉನ್ನತಿಯಿಂದ ಮಾನವ ಜನಾಂಗದ ಉನ್ನತಿ ಸಾಧ್ಯ.

**Development of humanity is possible through scientific development.**

iii) ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ ಜೀವನವೇ ಸುವರ್ಣ ಯುಗ.

**Student life is golden life.**

iv) ನೀವು ಎಂದಾದರೂ ರೈಲಿನಲ್ಲಿ ಪ್ರಯಾಣ ಮಾಡಿದ್ದೀರಾ?

**Have you ever travelled by train?**

v) ನಾವು ಬೇಗ ಎದ್ದರೆ, ಸೂರ್ಯೋದಯವನ್ನು ನೋಡಬಹುದು.

**We can see the sunrise if we get up early.**